हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 जनवरी 2026

04 गोलाकोट में विश्व शांति महायज्ञ के साथ...



07 गणतंत्र दिवस पर्व पर मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे...





### वीर सावरकर स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह, तैयारियां पूरी

## गणतंत्र दिवस आज, मुख्य समारोह में कलेक्टर वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सोमवार को शहर सहित जिलेभर में धूमधाम से मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह 9 बजे से शहर के शिवपुरी रोड स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा।

जहां समारोह में जिले के कलेक्टर अर्पित वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, विजय शाक्य द्वारा रविवार को स्टेडियम में विभिन्न व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मनीषा मिश्रा, सीएमओ राधेरमण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय मुख्य समारोह प्रातः 09 बजे वीर सावरकर स्टेडियम में आयोजित होगा,जहां कलेक्टर अर्पित वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद प्रातः 9.10 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जायेगा। प्रातः 9.20 बजे से मा. मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन होगा। इसके उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा शांति के प्रतीक गुब्बारे आसमान में छोडे जाएंगे। प्रातः 9.40 बजे सशस्त्र पुलिस बल, पुलिस बल, होमगार्ड, फॉरेस्ट, एनसीसी आदि के दलो द्वारा मार्चपास्ट किया जायेगा तथा मुख्य अतिथि परेड की सलामी लेगे तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं भूतपूर्व सैनिको का सम्मान होगा। प्रातः 10 बजे से विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं पर आधारित झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

इसके उपरांत प्रातः 10.30 बजे से 11.10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती होगी। पुरस्कार वितरण के साथ समारोह का समापन होगा।



### रामबाड़ी विद्यालय में होगा मध्यान्ह भोजन

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर अर्पित वर्मा समारोह के उपरांत शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय रामबाडी में आयोजित मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल होगे तथा स्कूली बच्चों के साथ भोजन करेंगे। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद द्वारा शनिवार को विद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, डीपीसी भूपेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहें। सीईओ जिला पंचायत सौम्या आनंद ने विद्यालय के अवलोकन के दौरान बच्चों से संवाद करते हुए उनके अध्ययन एवं अध्यापन के संबंध में चर्चा की गई तथा बच्चों को क्लास में अध्यापन कार्य भी कराया गया।

### कौन-कहां करेगा ध्वजारोहण?

| स्थान | मुख्य अतिथि |
|---|---|
| कलेक्ट्रेट कार्यालय | कलेक्टर अर्पित वर्मा |
| पुलिस लाइन | एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल |
| गांधीपार्क श्योपुर | विधायक बाबू जंडेल |
| जिला पंचायत | जिपं अध्यक्ष गुड्डी बाई |
| नगर पालिका श्योपुर | सीएमओ आर आर यादव |
| नगरपरिषद बड़ौदा | नप अध्यक्ष भरोसी बाई |
| नगरपरिषद विजयपुर | नप अध्यक्ष कमलेश कुशवाह |
| जनपद श्योपुर | अध्यक्ष रीना मीणा |
| जनपद कराहल | अध्यक्ष बत्तो बाई |
| जनपद विजयपुर | अध्यक्ष बदन सिंह रावत |

### जैदा,डाबरसा और निमानिया में हिंदू सम्मेलन आयोजित, निकाली गई कलश यात्रा

## एकजुटता, आत्म बोध और कर्तव्य पालन से राष्ट्र बनेगा सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



आरएसएस के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में इन दिनों शहर समेत जिलेभर में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। जिनमें हिंदू समाज के सभी जाति समाज के लोगों की व्यापक उपस्थिति दिखाई पड रही है। रविवार को जिले के जैदा, डाबरसा और निमानियां में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।


सभी हिंदू सम्मेलनों की शुरूआत कलश यात्राए निकाले जाने के साथ हुई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जैदा में आयोजित हुए हिंदू सम्मेलन में जिला बौद्धिक प्रमुख भुवनेश लक्ष्कार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे,वहीं संत श्री गोपाल दास महाराज नौनार सरकार, विशेष रूप से मंचासीन थे। वहीं डाबरसा में आयोजित हिंदू सम्मेलन में विभाग सह बौद्धिक प्रमुख राघवेन्द्र टकसाली और निमानिया में आयोजित हिंदू सम्मेलन में राधेश्याम शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आत्म बोध, नागरिक कर्तव्य और समाज केंद्रित समाज से ही देश सशक्त होगा। एकजुटता से असंभव लगने वाला कार्य भी सहज हो जाता है। इसके लिए सामाजिक समरसता आवश्यक है। वक्ताओं ने पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, स्व बोध, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य को आत्मसात करने का आह्वान किया।

## 2.21 लाख में खरीदी भैंस, डीजे की धुन पर नाचते गाते ले गए घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला मुख्यालय से सटे सलापुरा गांव में रविवार को एक भैंस की खरीद फरोख्त हुई। खास बात यह रही कि जिस किसान ने भैंस को खरीदा वह भैंस को विक्रेता के घर से माला पहनाकर व डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए अपने घर ले गया।

जानकारी के अनुसार सलापुरा में रहने वाले घनश्याम गुर्जर ने डेरी संचालक शाहरुख खान से एक मुर्रा नस्ल की भैंस 2.21 लाख रुपए में खरीदी थी। विगत कुछ दिनों से खरीद फरोख्त को लेकर चल रही चर्चा रविवार को थम गई, जब पैसों का लेनदेन हो गया तो खरीदार घनश्याम गुर्जर भैंस को अपने साथ माला पहनकर दुल्हन की तरह सजा कर न सिर्फ घर ले गया बल्कि डीजे की धुन पर उसे नाचते गाते हुए गृह प्रवेश कराया। घर पहुंचने पर महिलाओं ने भैंस की आरती उतारी और उसे तिल गुल खिलाकर गृह प्रवेश कराया। भैंस विक्रेता का कहना है कि भैंस एक दिन में 16 से 20 लीटर तक दूध देती है। भैंस का इस तरह मान सम्मान और डीजे से बिंदोरी निकाले जाने की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब चर्चित हुई।



### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी सम्मानित

## 18 साल की आयु पूर्ण करने वालों के नाम जोड़ने कॉलेज में शिविर लगाए: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर जिले में बीएलओं द्वारा एसआईआर अंतर्गत बेहतर तरीके से कार्य किया है, जिससे समय सीमा में प्रक्रिया अंतर्गत कार्य पूर्ण हुए है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए कॉलेज स्तर पर शिविर लगाये जायें। यह बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा ने रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र है, सशक्त लोकतंत्र इसलिए है कि मतदाता जागरूक है।

पुरूष और महिलाएं सतत रूप से मतदान में भाग ले रहे है। निर्वाचन आयोग द्वारा स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुडवायें और वोटर बनकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी करें। सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी सौम्या आनंद ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि लोकतंत्र में वोटर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है, मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक लोग मतदान में सहभागिता निभायें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित वर्मा ने मेरा भारत मेरा वोट थीम पर आयोजित 16वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबें तथा आभार प्रदर्शन उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर संजय जैन ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के रिकार्डेड संदेश का प्रसारण किया। निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, एसआईआर में स्वस्थ मतदाता सूची तैयार करने वाले बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर तथा स्वीप गतिविधियों में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, सहायक स्वीप नोडल एवं प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा आदि कई अधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पूजा राठौर, सत्यनारायण राठौर, हेंमत पांचाल, दीपक पांचाल, रिहान अंसारी, शब्बीर अली आदि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान किए गए।

## शीत लहर ने बढ़ाई ठिठुरन, लोगों को लेना पड़ रहा अलाव का सहारा

### अंदेशा है सर्दी फसल खासकर गेहूं चना के लिए फायदेमंद रही है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मौसम में अचानक बदलाव आ जाने से ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। चार-पांच दिनों से गर्मी का हो रहा अहसास लोगों को होने लगा था लेकिन राजस्थान में बारिश के चलते सीमावर्ती शहर होने श्योपुर में भी ठंड बढ़ गईशीत लहरों ने पारे को गिराने का काम किया जिससे बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ा रहा है हालांकि नगर पालिका जगह-जगह लड़कियां डलवाकर अलाव जला रही है इसके बावजूद कई जगह लोगों को अपने साधन से अलाव जलाकर ठंड मिटाना पड़ रही है। उधर खेती किसानी के लिए यह ठंड वरदान साबित होना मानी जा रही है खासकर गेहूं और चना के लिए लेकिन कोहरा पड़ा तो फसलों में पाला पड़ने का भी खतरा है।

बीते सप्ताह मौसम में अचानक परिवर्तन हो गया था लोगों को दिन में गर्मी का एहसास होने लगा था लेकिन बीते दो-तीन दिनों से अचानक मौसम में फिर परिवर्तन आया है यह परिवर्तन राजस्थान के जयपुर और सवाई माधोपुर में हुई बारिश के कारण बताया जा रहा है राजस्थान कि ओर से चलने वाली ठंडी हवाओं ने श्योपुर जिले को ठिठुराने का काम कर दिया। हालांकि लोगों खासकर बच्चों में सर्दी से जुकाम खांसी का प्रकोप बढ़ने का

### शनिवार का अवकाश होने से दो दिन पहले मनाना पड़ा मतदाता दिवस

## कोरोना काल में सप्ताह को छोटा कर बड़ा करना भूल गई सरकार!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोरोना काल में 50 प्रतिशत उपस्थित और कई शर्तों के साथ खोले गए सरकारी दफ्तर अब कोरोना काल की सभी बंदिशों की समाप्ति के साथ फुल उपस्थिति के साथ खोले जा रहे हैं। न तो मास्क की बंदिश बाकी है और न ही भीड़ लगाने पर परहेज है। लेकिन कोरोना काल में सरकारी कार्यालयों को कम दिवस में खोले जाने की जो गाइड लाइन जारी की थी उसे हटाना सरकार भूल गई। आज जब कोरोना काल की बंदिशों को खत्म हुए करीब 05 साल बीत चुके हैं फिर भी सरकारी दफ्तरों में शनिवार को अवकाश के रूप में शुरू की गई कोरोना गाइड लाइन आज भी जारी है। इस अनदेखी के चलते सरकारी दफतर खुल कम रहे हैं और बंद अधिक दिख रहे हैं। शनिवार की अतिरिक्त छुट्टी के चलते पूरे साल में सरकारी कार्यालयों में 52 दिन काम कम हो रहा है। हद तो तब हो गई जब रविवार को मनाया जाने वाला मतदाता दिवस सरकारी कार्यालयों में दो दिन पहले शुक्रवार को मना लिया गया।



2020 में आई कोरोना की पहली लहर के बाद देश एक तरह से थम सा गया था, सामूहिक जनहानि से बचने की गरज से सरकार ने सभी शासकीय अशासकीय असंस्थानों सहित लोगों का सडक पर निकलना भी बंद कर दिया था जैसे तैसे कोरोना काल का पहला चरण बीता और लोगों को सडकों पर निकलने के साथ काम काज करने की स्वीकृति मिली, लेकिन सरकारी दफ्तरों में पहले 50 प्रतिशत उपस्थिति के साथ फिर सप्ताह में 05 दिन का दफ्तर खोले जाने के आदेश कोरोना से बचाव के चलते दिए गए थे। कोरोना काल का पहला चरण कुछ महीनें बाद समाप्त हो गया और एक साल बाद फिर दूसरा चरण आकर निकल गया। इसके बाद वेज्ञानिकों के हवाले से सरकार ने आमजन को कोरोना से स्वयं लडने की एडवाइजरी जारी की यानी जागरूक रहो और सुरक्षित रहो बाकी सारी गाइड लाइन और प्रतिबंध शिथिल कर दिए गए पर शिथिल नहीं हुआ तो वो नियम जो कोरोना फैलने के डर से 05 दिन का सप्ताह किया गया था। आज भी जब कोरोना का खास डर आमजन में नहीं है तब भी सरकारी दफ्तर शनिवार को कोरोना के डर से बंद रखे जा रहे हैं। इसके लिए बकायदा श्रम विभाग नियमित रूप से शनिवार का अवकाश जारी रखने का आदेश सरकारी दफ्तरों में भेजता रहता है। आज जब कोरोना का प्रकोप पूरी तरह खत्म हो गया है तो फिर सरकार 5 दिन के वर्किंग सप्ताह को वापस 6 वर्किंग दिवस का क्यों नहीं कर रही है।





































## समाचार संक्षेप

### खेलो एमपीः एंजेल पैराडाइज़ स्कूल की छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



**चांचौड़ा।** खेलो एमपी के अंतर्गत आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में एंजेल पैराडाइज़ पब्लिक स्कूल, बीनागंज (जिला गुना) के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्राएँ अनन्या गोयल एवं संध्या मीणा ने खो-खो प्रतियोगिता में पहले ब्लॉक स्तरीय, फिर जिला स्तरीय एवं उसके बाद संभाग स्तरीय मुकाबले जीतकर राज्य स्तरीय महिला खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन प्राप्त किया है। दोनों खिलाड़ी ग्वालियर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए 27 जनवरी को जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।वहीं विद्यालय के छात्र भरत मीणा का चयन 400 मीटर दौड़ में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### शहर की व्यवस्था सुधारने की तैयारी, बीनागंज में अधिकारियों ने शासकीय भूमि का निरीक्षण किया



**चांचौड़ा।** शहर के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी रवि मालवीय, तहसीलदार मयंक खेमरिया एवं नगर परिषद सीएमओ ओम त्रंबकेश्वर मिश्रा द्वारा बीनागंज नगर की शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अभी किसी भी विषय में अंतिम निर्णय नहीं हुआ है, लेकिन नगर की प्रमुख समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए योजना बनाने की दिशा में यह निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान भविष्य में बस स्टैंड के लिए भूमि चयन करने का प्लान तैयार करने पर चर्चा की गई। इसी प्रकार नगर में मीट मार्केट को भी स्थायी रूप से दूसरी जगह स्थानांतरित करने के प्लान पर विचार किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान टोड़ी रोड क्षेत्र में कुछ अगरिया समाज के समाज बंधुओं द्वारा किए गए अस्थायी अतिक्रमण का भी जायजा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन का उद्देश्य किसी के साथ अन्याय करना नहीं है, बल्कि वहां रह रहे समाज बंधुओं को हटाकर उन्हें किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थायी रूप से बसाने का प्लान तैयार किया जा रहा है। प्रशासन की मंशा है कि संबंधित परिवारों को शासकीय भूमि पर पट्टा दिलवाया जाए और इसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिलाया जाए, ताकि उन्हें स्थायी और सुरक्षित आवास मिल सके। अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे और नगर के विकास से जुड़ी सभी योजनाएं जनहित को ध्यान में रखकर बनाई जाएंगी।

# गणतंत्र दिवस पर प्रभारी मंत्री गोविंद सिंह राजपूत करेंगे ध्वजारोहण

### स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा दी जाएंगी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और विभागों द्वारा निकाली जाएंगी चलित झाकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह प्रभारी मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में समारोहपूर्वक, हर्षोल्लास एवं गरिमामय रूप में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह लाल परेड ग्राउंड गुना में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। गणतंत्र दिवस समारोह में प्रातः 08:55 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण एवं सलामी, प्रातः 9:05 मुख्य अतिथि द्वारा परेड का



निरीक्षण, प्रातः 9:10 बजे माननीय मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन, प्रातः 9:40 बजे परेड द्वारा हर्ष फायर, प्रातः 9:50 बजे परेड द्वारा मार्च पास्ट, प्रातः 10:10 बजे झांकियों का प्रदर्शन, प्रातः 10:40 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा प्रातः 11:10 बजे पुरूस्कार वितरण किया जायेगा।

### गणतंत्र दिवस की संध्या पर ''भारत पर्व'' का किया जायेगा आयोजन

शासन के निर्देशानुसार दिनांक 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन किया जावेगा। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा भारत पर्व₹ के आयोजन से संबंधित समस्त कार्य के लिये अभिषेक दुबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत गुना को नोडल अधिकारी तथा शुभम शर्मा, जनसंपर्क अधिकारी गुना तथा राजेश गोयल, जिला शिक्षा अधिकारी गुना को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं।

### शुष्क दिवस घोषित

राज्य शासन द्वारा 26 जनवरी, 2026 (गणतन्त्र दिवस) को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा शासन निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा अन्तर्गत प्रदत्त शक्क्तियों का प्रयोग करते हुए, 26 जनवरी, 2026 (गणतन्त्र दिवस) के अवसर पर गुना जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों एवं स्टोरेज देशी मघभाण्डागार गुना को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के आदेश जारी किए गए हैं।

## रुठियाई जंक्शन पर बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर भड़के यात्री

**सुनील आचार्य ने रेल महाप्रबंधक को भेजा शिकायती पत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

रुठियाई जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिल रही बदहाल सुविधाओं और अव्यवस्थाओं को लेकर अब आवाज़ तेज़ होने लगी है। यात्रियों की लगातार शिकायतों के बाद यात्री सेवा संगठन मध्य प्रदेश के पदाधिकारी एवं रेलवे सदस्य सुनील आचार्य ने रेल महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर एवं भोपाल को ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर स्टेशन की गंभीर समस्याओं से अवगत कराया है। पत्र में सुनील आचार्य ने बताया कि रुठियाई जंक्शन एक महत्वपूर्ण स्टेशन होने के बावजूद यहाँ मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। प्रतिदिन बीना, भोपाल, इंदौर, कोटा सहित कई प्रमुख शहरों के लिए सैकड़ों यात्री यहाँ से आवागमन करते हैं, लेकिन स्टेशन पर न तो समुचित व्यवस्था है और न ही महिला-पुरुष प्रसाधन एवं शौचालयों की स्थिति संतोषजनक है।उन्होंने पत्र में साफ शब्दों में उल्लेख किया कि स्टेशन परिसर एवं प्लेटफार्मों पर गंदगी का अंबार लगा



रहता है। पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के अभाव में यात्रियों को रात के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे गंभीर समस्या स्टेशन परिसर में खुलेआम घूमते पशुओं की है, जिनके कारण यात्रियों की सुरक्षा पर खतरा बना रहता है और स्वच्छता अभियान की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई जा रही हैं।सुनील आचार्य ने रेलवे अधिकारियों की लापरवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब एक ओर भारतीय रेल स्टेशन विकास एवं यात्री सुविधाओं पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर रुठियाई जंक्शन पर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। यह स्थिति स्थानीय रेलवे प्रशासन की उदासीनता को दर्शाती है।पत्र के माध्यम से उन्होंने रेल महाप्रबंधक से मांग की है कि रुठियाई जंक्शन पर तत्काल साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए, , स्वच्छ शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा स्टेशन परिसर से पशुओं को हटाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएँ। यात्रियों को उम्मीद है कि इस शिकायत के बाद रेलवे प्रशासन गंभीरता दिखाएगा और रुठियाई जंक्शन को बदहाल व्यवस्था से जल्द राहत मिलेगी।

## भाजपा जनों ने श्रवण किया मन की बात कार्यक्रम



**गुना।** माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्रवण किया ।इसी क्रम में आज बूढ़े बालाजी मंडल के अंतर्गत बूथ क्रमांक 113 पर मन की बात कार्यक्रम 130 वें संस्करण को सुनो जिसमें प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,जिला महामंत्री चन्द्रप्रकाश अहिरवार,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव,सह मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश राठौर,मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव,युवा मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र धाकड़,पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सेन,सार्थक राठौर आदि उपस्थित रहे।प्रभारी देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायक कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर हर मंडल के बूथ पर सुना और उसका अनुसरण किया ।

## मंगलोदय तीर्थ रुठियाई में गुरू चरण स्थापना समारोह आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राघौगढ़

रुठियाई नगर स्थित सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ मंगलोदय पर इस सदी के महान संत समाधिस्थ आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के चरण स्थापना का दो दिवसीय कार्यक्रम 26 एवं 27 जनवरी को धूमधाम एवं अपूर्व धर्म प्रभावना के साथ आयोजित किया जा रहा है।

जैन मिलन रुठियाई के अध्यक्ष अमित जैन सैंकी ने बताया है दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ 26 जनवरी को दोपहर 2:00 बजे से विशाल धार्मिक जुलूस के साथ होगा। चरण चिन्ह पुण्यार्जक परिवार नरेंद्र कुमार,संजय कुमार अंकुर कुमार मोदी के निवास काशी नगर रुठियाई से जुलूस प्रारंभ होगा जो नगर के प्रमुख मार्ग से होकर मंगलोदय तीर्थ रुठियाई पहुंचेगा। यहां मुनि श्री के मंगल प्रवचन होंगे। रात्री में आरती एवं भक्तांबर पाठ होगा।

27 जनवरी को आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के समाधि दिवस के पावन अवसर पर मंगलोदय तीर्थ मंदिर में आचार्य श्री के चरणों की स्थापना का कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे से अभिषेक पूजन शांति धारा के साथ होगा। आचार्य श्री के चरणों का अभिषेक 108 कलसों से किया जाएगा। मुनिराज के मंगल प्रवचन होंगे।तत्पश्चात आचार्य छत्तीसी विधान आयोजित किया गया है।

## जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की नींवः कलेक्टर

### गुना में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह संपन्न, नए मतदाताओं को ईपिक वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शकिशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित राष्ट्रीय मतदाता दिवस संदेश के वाचन एवं उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा मतदाता शपथ ग्रहण के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक



नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारी-कर्मचारियों, बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किए गए।मतदाता दिवस के अवसर पर जिले के वरिष्ठ नागरिक मतदाता एन.डी. शर्मा (आयु 88 वर्ष) एवं दिव्यांग मतदाता संगराम सिंह (आयु 44 वर्ष) को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का भी प्रसारण किया गया।इस अवसर पर कलेक्टर शिशोर कुमार कन्याल ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं समावेशी निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि जिले में मतदाता पंजीयन की दिशा में लगातार सकारात्मक कार्य हो रहा है, किंतु ईपिक रेशियो एवं लिंगानुपात में और अधिक सुधार की आवश्यकता है। कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि आगामी समय में विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र नागरिकों, विशेषकर युवाओं एवं महिलाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा।

## बुढ़ेना में गीता स्वाध्याय का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

आनंद ग्राम रांवसर के आनंदक भाईयों ने धर्म नगर बुढ़ेना में राम नाम संकीर्तन में भाग लिया, मंदिर एवं यज्ञ शाला एवं कथा मैदान की साफ सफाई की और गीता स्वाध्याय किया।

आनंद ग्राम रांवसर के भक्तजन विगत 30 वर्ष से धर्म नगर बुढ़ैना (मां जानकी करीला धाम के पास) माघ माह की बसंत पंचमी को अखंड राम नाम संकीर्तन हेतु पहुंचते हैं, इसी क्रम में 23 जनवरी को धर्म नगर बुढ़ैना में रांवसर से 60 लोग पहुंचे जहां विगत 50 वर्ष से राम नाम संकीर्तन अखंड चल रहा है। यहां प्रतिवर्ष वसंत पर्व के अवसर पर नौ दिवसीय वैदिक यज्ञ किया जाता है, दोपहर को श्रीमद भागवत महापुराण कथा तथा रात्री में रासलीला होती है।

इस अवसर पर आनंद ग्राम रांवसर के भक्तजनों ने लोकगीत गायन और नृत्य से समा बांध दिया तथा अगले दिन 24 जनवरी को धर्म नगर बुढ़ैना में रांवसर वासियों ने धर्म नगर बुढ़ैना के मंदिर परिसर, यज्ञ शाला के पूरे मैदान से पन्नी बीनकर कचड़ा साफ किया। इसी प्रकार से अब ग्राम रांवसर में भी साफ सफाई अभियान चलाया जाएगा।

### भारत पर्व कार्यक्रम का आयोजन माधव भवन में आयोजित होगा

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा 26 जनवरी 2026 गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन स्थानीय माधव भवन अशोकनगर में किया गया है। भारत पर्व का आयोजन सायं 7 बजे से आयोजित होगा। जिसमें समस्त नगरवासियों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

### अज्ञात चोर सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चन्देरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी नीलेश सुमन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोरी उसकी पिछोर रोड स्थित दुकान से सामान चोरी कर ले गए। जिसमें 18 हजार रूपए नगद व दुकान का सामान शामिल है पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।



## करीला मेला प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती, कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय रविवार को प्रातः काल करीला धाम पहुंचे। करीला धाम पहुंचकर मां जानकी माता की विधि विधान से पूजा अर्चना कर दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने आगामी रंगपंचमी पर लगने वाले वार्षिक तीन दिवसीय करीला मेला की तैयारियों के संबंध में व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने करीला धाम में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए करीला में फायर सेफ्टी हेतु मॉक ड्रिल की जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मंदिर परिसर में फायर एक्सटेंशन की व्यवस्था की जाए। करीला मेला की ड्यूटी हेतु कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाए। करीला मेला के लिए वीआईपी पहुंच मार्ग हेतु लोक निर्माण विभाग एवं आरईएस विभाग द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। सभी निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण हों यह सुनिश्चित किया जाए। भ्रमण के दौरान एसडीएम मुंगावली सहित संबंधित अधिकारी साथ थे।

## वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई ने मनाया बसंत पंचमी का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के सबसे बड़े सामाजिक संगठन वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश की महिला इकाई अशोकनगर ने हमेशा की तरह इस वर्ष भी बसंत पंचमी का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया। स्थानीय प्राचीन गणेश मंदिर में बसंत उत्सव पर्व का आयोजन किया गया।

सामूहिक रूप से मां सरस्वती का पूजन अर्चन व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। अध्यक्ष रचना गुप्ता द्वारा नव वर्ष में आयोजित समस्त कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई कार्यकारी अध्यक्ष सीमा सुराणा द्वारा समस्त सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं प्रेषित कर समस्त कार्यक्रमों को मिलजुल कर करने की प्रेरणा दी गई। जिला प्रभारी सीमा अग्रवाल द्वारा कैलेंडर के विमोचन एवं उसके महत्व को बताया। सभी ने पीले वस्त्र पहन कर कार्यक्रम को सपन्न किया। इस अवसर पर संगठन के द्वारा वार्षिक कैलेंडर भी



सभी को प्रदान किया गया। संरक्षक माया अग्रवाल ने कहा कि इस कैलेंडर में संगठन की पूरी जानकारी रहती है। कब कौन से आयोजन होने हैं सभी पदाधिकारी के फोन नंबर पूरे मध्य प्रदेश के तहसील स्तर तक के पदाधिकारी की जानकारी रहती है। इस अवसर पर विजया अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, प्रेरणा गुप्ता, अनीता गुप्ता, नीलम गुप्ता, रानी नामदेव, अलका अग्रवाल, सुनीता बंसल, मीना सोनी, मधुनयन तारा आदि की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

### जगंल में मंगल होते देखा गया, आराधना करने के लिए उमड़े काफी श्रद्धालुजन

# गोलाकोट में विश्व शांति महायज्ञ के साथ गजरथ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तीर्थ क्षेत्र गोला कोट में राष्ट्र संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया, मुकेश भैया के निर्देशन में श्रीमद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का समापन हुआ। इस दौरन तीर्थ क्षेत्र पर गजरथ के साथ तीन तीन रथों का भव्य प्रवर्तन किया गया तदोपरांत महोत्सव के पात्रों का कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया।

इस दौरान महोत्सव को परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के आशीर्वाद व प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप





भैया के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। गोलाकोट की पवित्र भूमि पर लाखों श्रद्धालु आते जाते रहे, यहां प्रभु का दरबार स्वर्ण मंदिर के रूप में आकार ले चुका है। जिसके पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किए गए थे। इस मौके पर भगवान को मोक्ष की प्राप्ति के पश्चात गजरथ फेरी का आयोजन किया गया। आयोजन स्थल की 7 परिक्रमा पूरी करने के पश्चात गजरथ महोत्सव का समापन हुआ।

मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने कहा कि आप भोजन करते हैं तो कुछ देर बाद ही आप का मन भर जाता है आप हिल स्टेशन पर घुमने गये बड़े उत्साह से तैयारी करते हो। जाने की जैसी तेजी थी उससे कहीं अधिक तेजी से वापिस आने की इच्छा रहती है। भोजन को जितनी तेजी से भूख लगी थी थोड़ी देर में ही आप उसे मना करने लगें क्यों पहले रोटी पानी अमृत था वहीं अमृत को आप नकार रहे हैं।

## फर्जी दस्तावेजों से ऋण लेने वाले दोषियों को 5-5 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- शाखा प्रबंधक द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट।

फर्जी नाम एवं दस्तावेजों के आधार पर बैंक से केसीसी ऋण लेने के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक धूपसिंह तोमर ने बताया कि 20 जुलाई 2013 को सिंडिकेट बैंक विदिशा शाखा के सहायक प्रबंधक द्वारा थाना कोतवाली विदिशा में शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत में बताया गया कि आरोपी महेश अहिरवार निवासी ग्राम कोटरा एवं हीरालाल अहिरवार निवासी करैयाखेड़ा ने गप्पू पुत्र मिश्रीलाल एवं संतोष पुत्र दयालसिंह मैना के नाम से फर्जी ऋण पुस्तिका



एवं खसरा दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रत्येक के नाम से डेढ़-डेढ़ लाख रुपए का केसीसी ऋण प्राप्त किया। जांच में पाया गया कि जिन व्यक्तियों व कृषि भूमि के नाम पर ऋण लिया गया, वे अस्तित्व में ही नहीं थे।

## खबर संक्षेप

### दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में दो सड़क दुर्घटनाओं के मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत पुलिस ने पिछले दिनों हुई घटना के मामले में पिकअप क्रमांक एमपी 67 जेड डी 9493 के चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। उक्त वाहन ने राजकुमार रघुवंशी और बबलू प्रजापति निवासी सावन को टक्कर मार दी थी। इसी प्रकार चन्देरी में 27 दिसंबर को हुई घटना के बाद पुलिस ने नगीन चैबे निवासी चन्देरी की रिपोर्ट पर से स्कूटी क्रमांक एमपी 67 जेड सी 6032 के चालक राहुल जैन के विरूद्ध मामला दर्ज किया है

### जिले में मारपीट के कई मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाटकापुरा चन्देरी निवासी अविलेश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकुमार राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धमरासा निवासी मीरा बाई नायक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लखन बंजारा और उदल बंजारा ने उससे मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

### शहर से लेकर ग्रामों तक शान से लहराया जाएगा तिरंगा

# गणतंत्र दिवस पर्व पर मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे प्रभारी मंत्री शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





गणतंत्र दिवस के पर्व को लेकर शहर सज धज कर तैयार है। शासकीय भवनों से लेकर सामाजिक संस्थाओं द्वारा ध्वजारोहण की तैयारियां की गई हैं। जिला स्तर पर मुख्य समारोह मोहरी के खेल स्टेडियम में आयोजित होगा। जहां जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ध्वजारोहण करेगें और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। इस समारोह को लेकर शहर में जगह जगह ध्वजारोहण होगें। ग्रामीण मुख्यालयों पर भी भव्यता पूर्वक गणतंत्र दिवस समारोह मनाया जाएगा। जहां ध्वजा रोहण के आयोजन होगें।

गणतंत्र दिवस के इस मुख्य समारोह को लेकर अशोकनगर शहर में शासकीय भवनों पर आर्कषक रोशनी की गई है । शहर में जहां जहां भी महापुरूषों के पार्क हैं वह स्थान भी रोशनी से नहाते हुए नजर आए। जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले समारोह में गणमान्य नागरिक भी शामिल होगें, जिसमें जिले भर के विधायक और लोकतंत्र सेनानी,जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, आदि शामिल होगें। इसी प्रकार सभी तहसील मुख्यालयों पर भी गणतंत्र दिवस के समारोह आयोजित किए जाएगें। इस मौके पर तहसील स्तर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक इस समारोह में शामिल होगें।

इस मुख्य समारोह में स्कूली 400 बच्चों द्वारा पीटी का प्रदर्शन विभिन्न मुद्राओं में किया जाएगा। इसके बाद राष्ट्रीयता से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों की आर्कषक झांकियां इस कार्यक्रम में एक के बाद एक अपनी प्रस्तुति प्रदान करते हुए नजर आएगें। इस मौके पर निर्णायक मंडल द्वारा सभी आयोजनों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरूस्कार प्रदान किए जाएगें। हर वर्ष की तरह इस बार भी शासकीय कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

स्थानीय कलेक्टर कार्यालय पर ध्वजारोहण कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा किया जाएगा, एसपी कार्यालय पर ध्वजारोहण एसपी राजीव कुमार मिश्रा करेगें। जिला पंचायत भवन पर ध्वजारोहण राव अजय प्रताप सिंह यादव द्वारा किया जाएगा, जबकि नगर पालिका भवन पर ध्वजारोहण नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया करेगें। शहर के गांधी चैक पर ध्वजारोहण विधायक इंजीनियर हरीबाबू राय द्वारा किया जाएगा, शहर में भाजपा कार्यालय पर जिला भाजपा अध्यक्ष और इन्द्रापार्क पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके अलावा सभी शासकीय अर्द्धशासकीय और अशासकीय भवनों पर भी ध्वजारोहण के आयोजन होगें। पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पर प्राचार्य वीके गुप्ता और नेहरू महाविद्यालय पर ध्वजा रोहण डॉ. रेणु राजेश द्वारा किया जाएगा।

शहर में स्टेशनरी विक्रेताओं के यहां पूरे दिन गणतंत्र दिवस से संबंधित सामग्री खरीदने वाले पहुंचते रहे। किसी ने राष्ट्रीय ध्वज खरीदा तो किसी ने तिरंगे का बैच खरीदा, तरह तरह की सामग्री इन दुकानों पर बिकते हुए देखी गई। स्कूलों में भी भव्यता पूर्वक समारोह आयोजित किए जाएंगे।

### 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्ण गरिमा के साथ मनाया गया

# मतदाता लोकतंत्र की मजबूत कड़ी: सीईओ जिला पंचायत





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मतदाता लोकतंत्र की रीढ़ एवं महत्वपूर्ण कड़ी होती है। मतदाता संकल्पित होकर अपने मताधिकार को समझें तथा अपने मताधिकार का सदुपयोग करें। मतदाता चुनाव प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा होते है। इस आशय के विचार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष अशोकनगर में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन ने कहा कि सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने युवा मतदाताओं को भी अपने मताधिकार का उपयोग आवश्यक रूप से करने की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझें तथा अन्य मतदाताओं को भी जागरूक करें।उन्होंने प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका को श्रेष्ठ बताया। मतदाता प्रजातंत्र में निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मत का प्रयोग करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मतदान को सुगम बनाने के लिए सफलतम प्रयास किये गये है। उन्होंने नए मतदाताओं को शुभकामनांए एवं बधाई दी।

#### मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश का प्रसारण

कार्यक्रम में 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के संदेश का प्रसारण किया गया।

#### निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण बनने की शपथ

कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानीय गणों द्वारा भारत के नागरिकों को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बगैर निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई। शपथ का वाचन अपर कलेक्टर डी.एन. सिंह द्वारा किया गया। इस मौके पर नवीन मतदाताओं को एपिक कार्ड वितरित किए गए।

# भैंसर्वास के विराट हिन्दू सम्मेलन में 9 ग्रामों से 3 हजार लोग शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सम्मेलन मे बौद्धिक विभाग संयोजक कुटुंब प्रबोधन मेहरवान सिंह परिहार का रहा। उन्होंने संघ 100 वर्ष पूर्ण होने पर होगा रहे हिन्दू सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा की संघ पांच बातों को लेकर (पंच परिवर्तन) लेकर चल रहा है, जिसमे पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार, और स्व का बौद्ध अपनाने का लक्ष्य लेकर समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है। मंच पर कथा वाचक, विनीत शर्मा, अशोक कुशवाह जिला सह संयोजक कुटुंब प्रबोधन अशोकनगर, रहे।ग्राम टोली से रामचरण बागड़ी शिक्षक, पप्पू बागड़ी, कलन बागडी का विशेष सहयोग रहा।



सम्मेलन के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

# पंजाबी महिला विकास समिति ने विद्यार्थियों को किताबें और पेन का किया वितरण

**अशोकनगर।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा छात्रावास में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को किताबें और पेन वितरीत किए गए। समिति का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना और उनके उज्जवल भविष्य की दिशा में सहयोग देना था। इस अवसर पर महिला समिति की सदस्यों ने विद्या की देवी मां सरस्वती फूल चढ़कर वंदना की।



समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा ने बताया कि बसंत पंचमी विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित पर्व है और इस दिन शिक्षा की सामग्री का दान करना शुभ माना जाता है।

इसी भावना के साथ समिति ने यह पहल की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की भी व्यवस्था की गई, जिससे बच्चों में उत्साह और अपनापन महसूस हुआ।

कार्यक्रम में छात्राओं ने समिति का आभार व्यक्त किया। बच्चों ने मन लगाकर पढ़ाई करने का संकल्प लिया। महिला समिति के नेक काम को समाज मैं सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है और लोगों ने इसकी सराहना की।

























### स्वास्थ्य विभाग की सुधरी रेंकिंग, प्रदेश में पहुंचे 6वें नंबर पर

# सकारात्मक प्रयासों से डी से ए ग्रेड में पहुंचा राजगढ़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिम्मेदारों की लगातार मेहनत और सकारात्मक प्रयासों से किसी भी विभाग की बिगड़ती स्थिती को सुधारा जा सकता है। जिला स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों ने कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा के निर्देश पर सतत प्रयास कर विभाग को डी ग्रेड से ए ग्रेड में लाने में सफलता पाई है। स्वास्थ्य विभाग 2 महीने पहले डी ग्रेड में चल रहा था। सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल और सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा के प्रयासों से अब ए ग्रेड में आ गया है। जिले की सबसे ज्यादा शिकायतों के निस्तारण होने के कारण प्रदेश ग्रेडिंग में यह स्थान प्राप्त हुआ है। इसी के कारण अब प्रदेश में विभाग 6 वां स्थान पर प्राप्त कर चुका है।

### संतुष्टि से बंद हुई 60 प्रतिशत शिकायतें

*दिसंबर माह में 181 पर स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कुल 982 शिकायतें प्राप्त हुई थी जिनमें से 60 प्रतिशत शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद हुईं। जिसके चलते प्रदेश में जिले की रेटिंग ए ग्रेड में पहुंच गई है। उल्लेखनीय है कि दो माह पूर्व यही ग्रेडिंग सबसे निचले पायदान डी पर थी। जिला अस्पताल की ग्रेडिंग पर सीएमएचओ डॉ शोभा पटेल एवं डॉ रजनीश शर्मा ने कहा की हम अपने सहयोगियों को साथ में लेकर इसको बनाएं रखने के लिए प्रेरित करेंगे एवं शिकायतें कम से कम हो इस पर भी जोर दिया जाएगा।*

## लोकतंत्र के पर्व के रूप में मना 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**ब्यावरा।** लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं मतदाता जागरूकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिकों का सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने नव मतदाताओं से अपील की कि वे निष्पक्ष, निर्भीक एवं जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, उप पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे, अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी निधि भारद्वाज सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, नव मतदाता एवं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नव मतदाताओं को मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया एवं निर्वाचन प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। साथ ही लोकतंत्र की मजबूती हेतु उपस्थित सभी अधिकारियों- कर्मचारियों एवं प्रतिभागियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई।

### पांच आरोपी गिरफ्तार, देशी कट्टा व 120 लीटर डीजल जब्त

# हाईवे पर डीजल लूट व चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



बायपास स्थित सागपुर जोड़ के समीप एक पेट्रोल पंप पर स्कॉर्पियो वाहन से डीजल चोरी व लूट की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार को पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी लंबे समय से हाइवे पर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।पुलिस के अनुसार, बीते दिनों आरोपी स्कॉर्पियो वाहन से पेट्रोल पंप पर खड़े एक वाहन से डीजल चोरी कर रहे थे। इसी दौरान चालक के जाग जाने पर आरोपियों ने उसे डराया-धमकाया और डीजल लूटकर फरार हो गए। चालक के शोर मचाने पर पेट्रोल पंप के कर्मचारी जाग गए, जिससे आरोपी मौके से भाग खड़े हुए। पीड़ित चालक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

करीब 250 सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने रायसेन जिले के सलामतपुर निवासी पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा और 120 लीटर लूटा गया डीजल बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में नईम उर्फ बुक्कन पिता अब्दुल हमीद, फहीम उर्फ आफताब पिता अब्दुल हमीद, अमित सेन पिता भारत सिंह सेन, अंसार पिता सुल्तान और वसीम मेव शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्रवाई में एसडीओपी मिनी शुक्ला, थाना प्रभारी शिवराज सिंह सहित पुलिस टीम के अभय सिंह, केशव सिंह राजपूत, दीपक यादव, सूरज चावरिया, हृदेश, सुनील मीणा, धर्मेंद्र रघुवंशी, राघवेंद्र शर्मा और बलराम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 5 दिन तक चला आध्यात्मिक आयोजन

# वंदनीय माताजी जन्मशताब्दी समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर




गायत्री परिवार के संस्थापक वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा, आचार्य की अर्धांगिनी वंदनीय माता भगवती देवी की जन्मशताब्दी एवं अखंड दीप शताब्दी समारोह 18 से 23 जनवरी 2026 तक बैरागी दीप शांतिकुंज हरिद्वार में संपन्न हुआ।

5 दिन तक चलने वाले इस धार्मिक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भर के गायत्री परिजनों के साथ-साथ विदेशी श्रद्धालु भी शामिल हुए। गायत्री शक्तिपीठ कुरावर एवं मुंडला बारोल जामोनिया गोप चौहान से भी लगभग 20 गायत्री परिजन इस जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। जन्म शताब्दी समारोह में शामिल होने वाले प्रमुख परिजनों में सुनील सक्सेना, गणेश माहेश्वरी, कनीराम पाटीदार, भारत सिंह राठौड़, अनिल गर्ग, जगदीश राठौड़, गिरिराज शर्मा, प्रहलाद मंडलोई, वेद प्रकाश शर्मा, भगवत सिंह राठौड़ सहित अन्य परिजनों के साथ-साथ महिला मंडल की बहनों ने भी उत्साह पूर्वक भाग लिया।

# परमात्मा को रिझाने के लिए आत्मा को अपने मन को निर्मल और सुंदर बनाना पड़ेगा: स्वाति किशोरी

### महादेव मित्र मंडल ने किया कथा वाचक एवं आयोजक का सम्मान

**सारंगपुर।** परमात्मा में अगाध प्रेम ऐसा होना चाहिए जैसा गोपियों का श्री कृष्ण के प्रति निश्चल प्रगाढ़ प्रेम था जब भगवान श्री कृष्ण गोकुल छोड़कर मथुरा जा रहे थे तब पूरे गोकुलवासी भगवान श्री कृष्ण के विछोह प्रेम में पागल होकर रो रहे थे जबकि भगवान श्री कृष्णा परमात्मा थे वह अपनी लीलाएं करने अवतरित हुए थे गोकुल में परमात्मा को कोई भी स्वयं से दूर नहीं करना चाहते हैं परमात्मा स्वयं से दूर ना हो जाए इसलिए कोई नहीं कहता कि आप परमात्मा हो।

परमात्मा को रिझाने के लिए आत्मा को अपने मन को निर्मल व सुंदर बनाना पड़ेगा यह बात नगर के वार्ड क्रमांक 17 तारागंज में बागवान परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन रविवार को प्रसिद्ध कथा वाचक स्वाति किशोरी मिश्रा ने अपने मुखारविंद से उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच कहीं उन्होंने आगे कथा में कुब्जा उदार कंस वध जरासंध वध उज्जैन सांदीपरी आश्रम में भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा सहित अन्य कथाओं को विस्तार से बताया साथ ही रुक्मणी श्री कृष्ण के विवाह की कथा को भी बताया गया। सार्वजनिक हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला मुक्तिधाम समिति अध्यक्ष अनिल बारकिया मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद की उपस्थिति में महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद के नेतृत्व में मंडल के सभी सदस्यों द्वारा कथावाचक स्वाति किशोरी का दुपट्टा एवं बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया। वहीं मुख्य यजमान पार्षद सिद्दीबाई राधेश्याम बागवान भी सम्मान किया गया। वही आयोजक बागवान परिवार द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया कथा के समापन पर मुख्य यजमान पार्षद सिद्दीबाई राधेश्याम बागवान परिवार द्वारा महा आरती कर प्रसादी का वितरण किया इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोतागण उपस्थित थे।



## कलेक्टर डॉ मिश्रा करेंगे ध्वजारोहण



**ब्यावरा।** जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी, 2026 को गरिमामय रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा पुलिस परेड ग्राउंड में ध्वजारोहण किया जाएगा।इस अवसर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जावेगें जिनमें कई नन्हें मुन्ने छात्र-छात्राएं भाग लेगें। साथ ही परेड ग्राउंड पर पुलिस एवं एनसीसी द्वारा परेड भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## छेड़छाड़ के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**विदिशा।** न्यायालय विमलेश मुड़ैया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने छेड़छाड़ के एक मामले में आरोपी को एक वर्ष के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय 23 जनवरी को पारित किया गया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी वंदना बंसल ने बताया कि घटना 28 जनवरी 2019 की है, जब फरियादिया अपने घर के आंगन में बर्तन धो रही थी। इसी दौरान आरोपी ने पीछे से आकर बुरी नीयत से उसे पकड़ लिया। पीड़िता के शोर मचाने पर उसके पति व बच्चे मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गया।

## कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को खोजा

**विदिशा।** एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में संचालित ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने नाबालिग बालिका को कुछ ही घंटों में खोज निकाला। 21 जनवरी को गुम हुई बालिका को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंपा गया।

कैलाश धाम में दो गरीब कन्याओं का विवाह हुआ

विदिशा। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर चिरोड़िया कैलाश धाम में पीठाधीश्वर अंशुल शास्त्री के सान्निध्य में दो गरीब कन्याओं का शुभ मुहूर्त में विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर पर नगर भंडारा, साधु-संत सम्मान किया गया।

## वन चौकी लखूली में अनुभूति शिविर आयोजित

**विदिशा।** वन चौकी लखूली में सह-जागरूकता शिविर एवं अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन डीएफओ हेमंत यादव के नेतृत्व में एवं एसडीओ वन हिमांशु त्यागी के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सीहोद, हाई_कूल बरखेड़ा गंभीर, हाई स्कूल नौलाश एवं शासकीय हाई_कूल झिरनिया के कुल 137 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को को पर्यावरण एवं वन्य प्राणी संरक्षण का महत्व बताया। लखूली सरपंच अरविंदर गोस्वामी मुख्य अतिथि रहे।

# सूने मकान में ताला तोड़कर 3 लाख का माल ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



शहर में एक बार फिर चोरी की वारदात सामने आई है। कोतवाली थाना क्षेत्र के मुखर्जीनगर रोड स्थित माधव सिटी कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर लगभग 3 लाख रुपए की चोरी को अंजाम दिया। यह घटना शुक्रवार रात हुई।

यह चोरी मेडिकल कॉलेज में कार्यरत नर्स नंदिता के आवास पर हुई। नंदिता नाइट शिफ्ट के लिए मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर थीं। सुबह ड्यूटी कर घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट का ताला टूटा था, गेट लटका था और घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि चोर लगभग ढाई लाख रुपए के जेवर, नगदी और एक मोबाइल फोन चोरी कर ले गए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल से पता चला है कि इस वारदात में तीन चोर शामिल हैं। इनमें से एक चोर बाहर निगरानी करता रहा, जबकि दो चोर घर के अंदर घुसे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस चोरी की घटना के बाद इलाके के रहवासियों में असुरक्षा का माहौल है, वहीं पुलिस जल्द ही मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है।

- **आरोपियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, संदिग्धों से भी की जा रही है पूछताछ।**

## 207 स्थानों पर 20 हजार से अधिक छात्रों ने की सहभागिता

**विदिशा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी की 163वीं जयंती के उपलक्ष्य में 12 से 23 सितंबर तक अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जिले के 207 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कुल 20 हजार 207 विद्यार्थियों की सहभागिता रही। अभाविप द्वारा महाविद्यालयों, विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों एवं विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दे जवाब–ले नाम प्रतियोगिता, स्वामी विवेकानंद जी पर भाषण, रक्तगट परीक्षण शिविर, स्टडी सर्कल, पर्यावरण चेतना यात्रा, न्यूट्रीशन अवेयरनेस, सृजन युवा उत्सव, शोभायात्रा, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन, स्क्रीन टाइम टू ग्रीन टाइम, रस्सा–कस्सी प्रतियोगिता की गई।

### विदिशा विधानसभा के अहमदपुर क्षेत्र में निकाली किसान जन आंदोलन यात्रा

# कांग्रेस की प्रदेशव्यापी यात्रा में सैकड़ों किसानों की भागीदारी, समर्थन मूल्य सहित कई मांगें उठाईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



मप्र कांग्रेस के प्रदेशव्यापी किसान जन आंदोलन यात्रा शनिवार को ब्लॉक अहमदपुर से निकाली गई। ग्राम अहमदपुर कस्बा, सतियाखेड़ी, डंगरवाड़ा, कांकरखेड़ी, बरखेड़ा, सतपाड़ा, करारिया, घाटखेड़ी चौराहा समेत कई गांवों में पहुंची।

